(iv) क्या छात्रों के उपयुक्त प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त अस्पताली सुविधाएं मौजूद हैं।

(ख) भारतीय चिकित्सा परिषद ने इस प्रकार सूचित किया है :—

वर्ष	राज्य	खोले गए चिकित्सा कालेजों की संख्या
1990	महाराष्ट्र	
1991	(1) महाराष्ट्र	2
	(2) चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र	1
1992	(1) राजस्थान	1
	(2) तमिलनाडु	1

(ग) यह बात नये कालेजों को खोलने के लिए प्राप्त आवेदनों और अनुमति के लिए उनकी उपयुक्तता पर निर्भर होगी ।

पान मसाला और गुटका के सेवन से पैदा होने वाले घातक रोग

1812. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पान मसाला और गुटका के सेवन से कैंसर जैसे घातक रोग उत्पन्न होते हैं और ये रोग बहुत तेजी से फैल रहे हैं ;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ग) पान मसाला और गुटका के सेवन के फलस्वरूप पैदा होने वाले कैंसर आदि रोगों के फैलाव को रोकने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर): (क) और (ख) गुटका और पान मसाले को लगातार इस्तेमाल करने से मुख का कैंसर हो सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के आंकड़ों से पता चलता है कि कैंसर के लगभग 30 प्रतिशत रोगी तम्बाकू के कैंसर से ग्रस्त हैं ।

(ग) और (घ) विभिन्न स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के जरिए लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाती है। खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 में हाल ही में संशोधन करके यह व्यवस्था की गई है कि पान मसाला और खाने के तम्बाकू के डिब्बों के लेबल पर इन उत्पादों के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में सांविधिक चेतावनी दी जाए ।

दिल्ली के गोविन्द वल्लभ पंत अस्पताल में अप्रयुक्त उपकरण

1813. **श्री सोम पाल :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 19 जनवरी, 1993 के "राष्ट्रीय सहारा" के पृष्ठ दो पर प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि करोड़ों रुपये के मूल्य वाले उपकरण कई वर्षों से खराब पड़े हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो गोविन्द वल्लभ पंत अस्पताल में खराब पड़े हुए उपकरणों के नाम क्या-क्या हैं और ये उपकरण कब से खराब पड़े हुए हैं; और

(ग) उनकी मरम्मत कराने हेतु सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) : (क) जी, हां ।